# झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, साहेबगंज
## विज्ञापन संख्या–01/2025

साहेबगंज जिला के गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए विज्ञापन।

1. साहेबगंज जिला के गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए रिक्तियों के विरूद्ध सुयोग्य उम्मीद्वारों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ग्रामीण गृह रक्षक तथा शहरी गृह रक्षक के लिए आवदेन विहित प्रपत्र में अलग–अलग जमा करेंगे।

नोटः– गृह रक्षा वाहिनी एक स्वंयसेवी संगठन है तथा गृह रक्षक उसके स्वंयसेवी सदस्य होते है। जितने दिन आवश्यकतानुसार उन्हें कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त किया जाता है उतने कार्य दिवस के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भत्ता भुगतान देय होता है। यह कोई वैतनिक सरकारी नौकरी या आजीविका का माध्यम नहीं है। अतः उन्हीं उम्मीदवारों से आवेदन की अपेक्षा की जाती है, जो राष्ट्र की सेवा निःस्वार्थ करने के लिए तत्पर हो।

2. गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्ति निम्नवत है, जो घट बढ़ सकती है।

(क)ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए रिक्तिः–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | स्वीकृत बल की संख्या | प्रभावी बल की संख्या | रिक्ति | | कुल रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरूष | महिला | |
| 1 | मंडरो | 110 | 68 | 21 | 21 | 42 |
| 2 | साहेबगंज ग्रामीण | 110 | 63 | 24 | 23 | 47 |
| 3 | बोरियो | 110 | 72 | 19 | 19 | 38 |
| 4 | बरहेट | 110 | 59 | 26 | 25 | 51 |
| 5 | तालझारी | 110 | 60 | 25 | 25 | 50 |
| 6 | बरहरवा | 110 | 62 | 24 | 24 | 48 |
| 7 | राजमहल | 110 | 86 | 12 | 12 | 24 |
| 8 | उधवा | 110 | 73 | 19 | 18 | 37 |
| 9 | पतना | 110 | 80 | 15 | 15 | 30 |
| | कुलः– | **990** | **623** | **185** | **182** | **367** |

(ख) शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्तिः–..........

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | स्वीकृत बल की संख्या | प्रभावी बल की संख्या | रिक्ति | | कुल रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरूष | महिला | |
| 1 | साहेबगंज शहरी | 160 | 100 | 30 | 30 | 60 |
| | कुलः– | 160 | **100** | **30** | **30** | **60** |

उपरोक्त दोनों कोटि (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक) के लिए नामांकन में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए कर्णांकित होंगे।

महिलाओं के लिए कर्णांकित पदों में से 5 प्रतिशत पद अर्हता प्राप्त तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा महिलाओं के लिए आरिक्षत होगा। तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं रहने के सिथति में उक्त 5 प्रतिशत पद पुनः महिलाओं के लिए कर्णांकित प्रतिशत में समाहित हो जायेगा।

शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्ति में 50 प्रतिशत पद तकनीकी दक्ष उम्मीदवारों के लिए होगा। योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर गैर– तकनीकी/तकनीकी दक्ष की रिक्ति एक–दूसरे से भरी जायेगी।

3. <u>अर्हताः–</u>

(क) <u>आवासीय</u> :–

(i) <u>ग्रामीण गृह रक्षकः–</u> अभ्यर्थी को साहेबगंज जिला के उस प्रखण्ड का स्थायी निवासी होना चाहिए जहाँ से ग्रामीण गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए Online आवेदन करेंगे। अपने आवेदन के साथ राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकार से निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति को आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

(ii) शहरी गृह रक्षक– अभ्यर्थी को साहेबगंज जिला के शहरी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। Online आवेदन के साथ राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकार से निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति को आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
संलग्न करेंगे।

(ख) <u>उम्र सीमा</u> :– 01–01–2025 को 19 से 40 वर्ष। (जन्म तिथि दिनांक–01.01.1985 से 31.12.2005 के बीच)

(सक्षम प्राधिकरण द्वारा निर्गत जन्म तिथि प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति Online आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।)

नोटः– जन्म तिथि हेतु मान्य कागजात 1. जन्म प्रमाण–पत्र (यदि है तो) 2. मैट्रिक एवं उच्चतर पास आवेदकों को जन्म तिथि हेतु मैट्रिक पास सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य है तथा 7 वीं पास आवेदकों को जन्म तिथि हेतु विद्यालय का स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं एक अन्य सरकारी कागजात, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो (यथा–निर्वाचन कार्ड/ड्राइंविग लाइसेंस/पैन कार्ड/जन्म प्रमाण–पत्र/पासपोर्ट) प्रमाण–पत्र ONLINE आवेदन में उपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) **<u>शैक्षणिक योग्यताः–</u>**

(i) ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम 7वीं पास।

(ii) शहरी गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम मैट्रिक (10वीं) पास।

(सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित Online आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।)

(घ) <u>शारीरिक मापदंडः</u>– (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक दोनों के लिए समान)

(i) लम्बाई :– पुरूष – 162 से0मी0 (सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी)
157 से0मी0 (अ0ज0जा0/अ0जा0)
महिला–148 से0मी0 (सभी के लिए)

(ii) सीना :– पुरूष –79 से0मी0 (सामान्य/ओ0बी0सी0/बी0सी0)
76 से0मी0 (अ0ज0जा0/अ0जा0)

(शारीरिक माप में छूट के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति Online आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।)

(ङ.) तकनीकी दक्षता (सिर्फ तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए) :– अभ्यार्थी को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष होना चाहिए तथा उससे संबंधित किसी कार्यालय में कार्यरत/स्वनियोजित तथा तकनीकी जानकार होना चाहिए। इन जानकारों को सामान्य रूप से तकनीकी योग्य माना जायेगा :–

चिकित्सक, अभियंता, अधिवक्ता, प्रधानाध्यापक, नर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर, टंकक, लाईसेंसधारी चालक (एच0एम0भी0/एल0एम0भी0), रसोईया, बढ़ई मोची, धोबी, नाई, बिजली मिस्त्री माली, पलम्बर आदि। (सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति Online आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।)

4. चयन प्रक्रिया :– गृह विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची की अधिसूचना संख्या–5442, दिनांक–20.10.2014 के आलोक मे चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत निम्नलिखित जाँच परीक्षा ली जायेगी।

(क) **शारीरिक जाँच परीक्षा** :– इसके अन्तर्गत 01 मील की दौड़, उँची कूद, लम्बी कूद, शॉट पूट सम्मिलित होगा, जिसमें अंक निम्नवत प्रदान किया जायेगा।

(i) **ग्रामीण गृह रक्षक तथा गैर–तकनीकी शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थी के लिए** :–

| जाँच | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ (01 मील) | 5 मिनट या पहले – 20 अंक<br>5 मिनट से 6 मिनट तक– 10 अंक<br>6 मिनट से अधिक समय लेनेवाले अयोग्य माने जायेंगे। | 8 मिनट या पहले – 20 अंक<br>8 मिनट से 10 मिनट तक– 10 अंक<br>10 मिनट से अधिक समय लेनेवाले अयोग्य माने जायेंगे। |
| ऊँची कूद | (क) न्यूनतम 4 फीट – 5 अंक<br>(ख) 4'– 4'3" – 6 अंक<br>(ग) 4'3"– 4'6" – 7 अंक<br>(घ) 4'6"– 4'9" – 8 अंक<br>(ङ.) 4'9"– 5' – 9 अंक<br>(च.) 5' फीट से अधिक– 10 अंक | क) न्यूनतम 3 फीट – 5 अंक<br>(ख) 3'– 3'3" – 6 अंक<br>(ग) 3'3"– 3'6" – 7 अंक<br>(घ) 3'6"– 3'9" – 8 अंक<br>(ङ.) 3'9"– 4' – 9 अंक<br>(च.) 4' फीट से अधिक– 10 अंक |
| लम्बी कूद | (क) न्यूंतम 12 फीट – 5 अंक<br>(ख) 12'– 13' – 6 अंक<br>(ग) 13'– 14' – 7 अंक<br>(घ) 14'– 15' – 8 अंक<br>(ङ.) 15'– 16' – 9 अंक<br>(च.)16' फीट से अधिक–10 अंक | (क) न्यूंतम 9 फीट – 5 अंक<br>(ख) 09'– 10' – 6 अंक<br>(ग) 10'– 11' – 7 अंक<br>(घ) 11'– 12' – 8 अंक<br>(ङ.) 12'– 13' – 9 अंक<br>(च.)13' फीट से अधिक– 10 अंक |
| शॉट पूट | 16 पौण्ड– न्यूंतम 16' फीट | 10 पौण्ड– न्यूंतम 10' फीट |

(ii) तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यार्थियों के लिए :–

| जाँच | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ (01 मील) | 6 मिनट या पहले – 20 अंक<br>6 मिनट से 8 मिनट तक– 10 अंक<br>8 मिनट से अधिक समय लेनेवाले अयोग्य माने जायेंगे। | 8 मिनट या पहले – 20 अंक<br>8 मिनट से 12 मिनट तक– 10 अंक<br>12 मिनट से अधिक समय लेनेवाले अयोग्य माने जायेंगे। |
| ऊँची कूद | (क) न्यूनतम 3.5 फीट– 5 अंक<br>(ख) 4 फीट और अधिक– 10 अंक | क) न्यूनतम 2.5 फीट– 5 अंक<br>(ख) 3 फीट और अधिक– 10 अंक |
| लम्बी कूद | (क) न्यूनतम 9 फीट– 5 अंक<br>(ख) 10 फीट और अधिक–10 अंक | (क) न्यूनतम 6 फीट– 5 अंक<br>(ख) 07 फीट और अधिक– 10 अंक |
| शॉट पूट | 16 पौण्ड– न्यूनतम 12 फीट | 10 पौण्ड– न्यूनतम 08 फीट |

(ख) हिन्दी–लेखन–क्षमता परीक्षा :– शारीरिक जाँच परीक्षा में सफल अभ्यार्थी को हिन्दी लेखन क्षमता की परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा, जिसमें ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए 7 वीं कक्षा शहरी गृह रक्षकों के लिए 10 वीं कक्षा के स्तर अनुसार लेखन क्षमता की जाँच की जायेगी। यह क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(ग) तकनीकी दक्षता परीक्षा (सिर्फ शहरी तकनीकी दक्ष गृह रक्षक अभ्यार्थियों के लिए) :– शारीरिक जाँच परीक्षा एवं हिन्दी लेखन क्षमता परीक्षा में सफल अभ्यार्थी की तकनीकी दक्षता परीक्षा ली जायेगी, जो क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(घ) सभी जाँच परीक्षा की समाप्ति के बाद उपर्युक्त अधिसूचना में दिये गये प्रावधान के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी, जिसके आलोक मे रिक्ति के विरूद्ध चयन किया जायेगा। चयनित अभ्यार्थियों का चिकित्सीय जाँच तथा पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन कराने के पश्चात् उसे अनुकूल पाये जाने पर चयनित अभ्यार्थियों को मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशोपरांत गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें गृह रक्षक के रूप में नामांकन कर प्रावधान अनुसार नामांकन प्रमाण–पत्र निर्गत किया जायेगा।

5. अभ्यार्थी जो राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद से पुरस्कृत हुए है, उन्हें निम्नवत अतिरिक्त अंक प्रदान किया जायेगा। (सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत पुरस्कार प्रमाण–पत्र की स्वाभिप्रमाणित छायाप्रति Online आवेदन में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।)

| स्थान | राष्ट्रीय | राज्य स्तरीय |
|---|---|---|
| प्रथम | 06 अंक | 03 अंक |
| द्वितीय | 04 अंक | 02 अंक |
| तृतीय | 02 अंक | 01 अंक |

6. शहरी गृह रक्षक के रूप में सरकारी सेवकों को शहरी गृह रक्षक के पूर्ण रिक्तियों के 10 प्रतिशत नामांकित करने की सीमा निर्धारित है। इसके लिए सरकारी सेवक अपने कार्यालय प्रधान द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र की स्वाभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे। सरकारी सेवकों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर निम्नवत अंक दिये जायेगी।

| | |
|---|---|
| स्नातकोत्तर | 10 अंक |
| स्नातक | 08 अंक |
| इण्टरमीडिएट | 06 अंक |
| मैट्रिक | 04 अंक |

7. **<u>आवेदन कैसे जमा करें</u>** :– ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट– https://recruitment.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होगी। आवेदक केवल JAP IT राँची, झारखण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये वेबसाईट– https://recruitment.jharkhand.gov.in पर दिनांक–8/12/2025 से दिनांक–22/12/2025 तक अपना आवेदन ONLINE समर्पित कर पायेंगे। आवेदन शुल्क की राशि मात्र 100 रू0 (एक सौ) रूपये है जो उपरोक्त वेबसाईट पर दिये गये लिंक के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।
8. ऑनलाइन आवेदन में आवेदक के द्वारा हाल का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है।
9. एक आवेदक से एक ही आवेदन पत्र स्वीकार होगा। एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर संबंधित अभ्यार्थी का आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. अर्हता के अनुरूप आवेदक से ऑनलाइन आवेदन में माँगी गई सभी विवरणी को पूर्ण रूपेण भरा जाना अनिवार्य है।
11. आवेदक जिला के किसी भी प्रज्ञा केन्द्र से ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर सकते हैं। आवेदक को आवेदन भरने मे किसी प्रकार की कठिनाई होने की स्थिति मे जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,साहेबगंज /JAP IT से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।
12. आवेदक के द्वारा किसी वैद्य सरकारी पहचान पत्र जैसे–आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पैन कार्ड में से किसी एक का विवरण ऑनलाईन आवेदन में अपलोड करना अनिवार्य है।
13. जाँच/परीक्षा की तिथि, स्थान एवं अन्य जरूरी जानकारी की सूचना बाद में दैनिक सामाचार पत्र/जिला के आधिकारिक वेबसाइट– https://sahibganj.nic.in के माध्यम से दी जायेगी।
14. अभ्यार्थी द्वारा आवेदन मे की गई प्रविष्टि गलत पाये जाने पर संबंधित अभ्यार्थी के आवेदन को स्वतः रद्द समझा जायेगा। जिसके संबंध मे कोई भी दावा मान्य नही होगा एवं आवेदक के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
15. आवेदक अपना आवासीय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, तकनीकी योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र (तकनीकी गृह रक्षकों के लिए), कार्य अनुभव से संबंधित प्रमाण–पत्र (यदि कार्य अनुभव हो तो), खेल–कूद से संबंधित प्रमाण–पत्र (केवल राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल–कूद प्रतिस्पर्धा मे प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान पर चयनित हुए हों तो) को ऑनलाईन आवेदन मे अपलोड करेंगे।

166

16. अभ्यार्थियों द्वारा समर्पित कोई भी प्रमाण–पत्र यथा–आवासीय, जाति, शैक्षणिक योग्यता, तकनीकि योग्यता, खेल–कूद श्रेणी आदि से संबंधित प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद के होंगे तो वे मान्य नही होंगे।
17. आवेदन के साथ समर्पित किये जाने वाले सभी प्रमाण–पत्रों को स्वाभिप्रमाणित करना अनिवार्य है।
18. प्रस्तावित नव–नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने तक, माननीय उच्च न्यायालय, राँची का निर्गत न्यायादेश एवं अनुकम्पा के आधार पर मुख्यालय, राँची भेजे गये प्रस्ताव पर आवेदक को गृह रक्षक के रूप में नामांकित करने संबंधी कोई भी आदेश निर्गत होता है, तो उक्त प्रखण्ड अथवा शहरी क्षेत्र की रिक्ति घट/बढ़ सकती है तथा नामांकन प्रक्रिया उक्त के अनुरूप पूर्ण की जाएगी।
19. गृह रक्षकों के नव नामांकन की प्रक्रिया के निष्पादन के क्रम मे किसी भी स्तर पर त्रुटि का निराकरण और संशय (यदि कोई हो तो) के समाधान हेतु झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के प्रावधान सर्वोपरि है।
20. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना एवं गृह रक्षक नामांकन का परीक्षाफल https://sahibganj.nic.in साहेबगंज के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी।

08/11/2025

**जिला समादेष्टा–सह–सदस्य**
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति
साहेबगंज।

**पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य**
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
साहेबगंज।

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष**
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
साहेबगंज।

# साहेबगंज जिला के ग्रामीण गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या–01/2025

प्रखण्डः–..................................................

1. आवेदक का नाम :– ..........................................(ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण–पत्र अपलोड करें।)
2. पिता/पति का नाम :– ..........................................
3. लिंग– पुरूष/महिलाः– ..........................................
4. वैवाहिक स्थिति– विवाहित/अविवाहित :– ..........................................
(महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें।)

ऑन–लाईन फोटो

5. मोबाईल नम्बर/ई0मेल आई0डी0 :– ..........................................
6. आवेदक का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण :–

| क्र0 सं0 | पहचान पत्र का नाम | पहचान पत्र का नंबर |
|---|---|---|
| | | |

7. जन्म तिथि :– ....................../....................../................................
8. दिनांक :– 01.01.2025 को उम्र :– वर्ष ........................ माह........................ दिन........................
9. कोटि :– सामान्य/ ओ0बी0सी0/ बी0सी0/अ0जा/ अ0ज0जा ..........................................
10. स्थायी पता :– ग्राम– .............................. पोस्ट– .............................. पंचायत– ..............................
प्रखण्ड– .............................. थाना– .............................. जिला– ..............................
पिन कोड–..............................
11. वर्तमान पता :– ग्राम– .............................. पोस्ट– .............................. पंचायत– ..............................
प्रखण्ड– .............................. थाना– .............................. जिला– ..............................
पिन कोड–..............................
12. शैक्षणिक योग्यता :– ..........................................

| क्र0 सं0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सप्तम | | | | |
| 02. | मैट्रिक | | | | |
| 03. | इन्टरमिडिएट | | | | |
| 04. | स्नातक | | | | |
| 05. | स्नातकोत्तर | | | | |

13. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरण :– ..........................................

| क्र0 सं0 | खेल का प्रकार | राष्ट्र/राज्यस्तरीय खेलकूद कराने वाले संस्थान का नाम | निर्गत प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

14. शारीरिक माप :– ऊँचाई :– .................................... से0मी0।
सीना (सिर्फ पुरूष के लिए) ........................ से0 मी0।
15. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह :– (i) ..........................................
(ii) ..........................................

अनुलग्नकः– (प्रमाण पत्र की सूची)

4. .......................................... 2. .......................................... 3. ..........................................

## घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ/अपलोड प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

स्थान :– ..........................................

दिनांकः– ..........................................

आवेदक का हस्ताक्षर

162

164

# झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, साहेबगंज।

ग्रामीण गृह रक्षक में नामांकन के लिए आवेदन की पावती।

विज्ञापन संख्या 01/2025

प्रखण्ड का नाम :– ..................................................

ऑन–लाईन फोटो

क्रमांक ..............................

दिनांकः– ............................................

आवेदक का नाम.............................................................. पिता/पति का नाम ..............................................................

ग्राम ............................................. पोस्ट................................................ पंचायत ..............................................................

थाना ............................................. प्रखण्ड ........................................... जिला ..............................................................

उपायुक्त,
साहेबगंज।

Kumar

# साहेबगंज जिला के शहरी गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या–01/2025

शहरी क्षेत्रः–.......................................(ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण–पत्र अपलोड करें।)

ऑन–लाईन फोटो

1. आवेदक का नाम :– ..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम :– ......................................................................................
3. लिंग– पुरूष/महिलाः– ......................................................................................
4. वैवाहिक स्थिति– विवाहित/अविवाहित :– ...................................................

(महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें।)

5. मोबाईल नम्बर/ई0मेल आई0डी0 :– ....................................................................
6. आवेदक का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण :–

| क्र0 सं0 | पहचान पत्र का नाम | पहचान पत्र का नंबर |
|---|---|---|
| | | |

7. जन्म तिथि :– ......................./......................./..................................
8. दिनांक :– 01.01.2025 को उम्र :– वर्ष .......................... माह........................ दिन........................
9. राष्ट्रीयताः– ..........................................................................................................
10. कोटि :– सामान्य/ ओ0बी0सी0/ बी0सी0/अ0जा/ अ0ज0जा ..............................................
11. स्थायी पता :– ग्राम– ...................................... पोस्ट– ................................... वार्ड सं0 ....................................

प्रखण्ड– ................................ थाना– ................................... जिला– ...........................................

पिन कोड–...............................

12. वर्तमान पता :– ग्राम/मोहल्ला ................................ पोस्ट– .......................... वार्ड सं0 – ..................................

प्रखण्ड– ................................ थाना– ................................... जिला– ...........................................

पिन कोड–...............................

13. शैक्षणिक योग्यता :– ..........................................................................................................

| क्र0 सं0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सप्तम | | | | |
| 02. | मैट्रिक | | | | |
| 03. | इन्टरमिडिएट | | | | |
| 04. | स्नातक | | | | |
| 05. | स्नातकोत्तर | | | | |

14. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरण :– ..........................................

| क्र0 सं0 | तकनीकी योग्यता | संस्थान का नाम | निर्गत प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

162

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

15. यदि किसी कार्यालय में कार्यरत हो अथवा स्वनियोजित हो तो कार्यस्थल के पता सहित उसका विवरणः–

| क्र0 सं0 | कार्यालय का नाम | कार्यालय प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र विवरणी |
|---|---|---|
| | | |

16. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरण :– ..........................................

| क्र0 सं0 | खेल का प्रकार | राष्ट्र/राज्यस्तरीय खेलकूद कराने वाले संस्थान का नाम | निर्गत प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

17. शारीरिक माप :– ऊँचाई :– ...................................... से0मी0।
सीना (सिर्फ पुरूष के लिए) .......................... से0 मी0।

18. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह :– (i) ..................................................
(ii) ..................................................

## घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ/अपलोड प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

स्थान :– ......................................

दिनांकः– ......................................

आवेदक का हस्ताक्षर

..........................................................................................................................

## झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, साहेबगंज।

शहरी गृह रक्षक में नामांकन के लिए आवेदन की पावती।

विज्ञापन संख्या 01/2025

गैर–तकनीकी/तकनीकी दक्ष :– ......................................................

ऑन–लाईन फोटो

क्रमांक ..............................

दिनांकः– ......................................

आवेदक का नाम ...................................................... पिता/पति का नाम ......................................

ग्राम ...................................... पोस्ट...................................... पंचायत ......................................

थाना ...................................... प्रखण्ड ...................................... जिला ......................................

उपायुक्त,
साहेबगंज।